खजुराहो में हेलीशखिर सम्मेलन 2023 और उड़ान 5.2 का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

25 जुलाई, 2023 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में हेली शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया। साथ ही आरसीएस उड़ान 5.2 और हेली सेवा-ऐप को भी लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- इस 5वें हेलीकॉप्टर एवं लघुविमान शिखर सम्मेलन (हेलीशिखर सम्मेलन 2023) का आयोजन नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश सरकार, पवन हंस लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गया।
- इस कार्यक्रम का विषय 'रीचिंग द लास्ट माइल: रीजनल कनेक्टिविटी थ्रू हेलीकॉप्टर्स एंड स्मॉल एयरक्राफ्ट'यानी 'दूर-दराज तक पहुँच: हेलीकॉप्टर एवं छोटे विमानों के जरिये क्षेत्रीय कनेक्टिविटी' था।
- इस कार्यक्रम के दौरान एक उद्घाटन सत्र और उसके बाद एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।
- इस शिखर सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:
  - भारतीय हेलीकॉप्टर एवं लघु विमान उद्योग के विकास गाथा पर चर्चा करने के लिये उद्योग के सभी हितधारकों और नीति निर्माताओं के लिये एक साझा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना।
  - सुदूर एवं पहाड़ी इलाकों में उड़ान योजना का दायरा बढ़ाना और देश में ग्रामीण से शहरी कनेक्टिविटी का विस्तार करना।
  - निर्बाध सेवाएँ उपलब्ध कराते हुए मौजूदा एवं संभावित पर्यटन हॉटस्पॉट के लिये हेलीकॉप्टर और छोटे विमानों के जरिये कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना।
- इस अवसर पर उड़ान 5.2 को देश में दूरदराज के क्षेत्रों एवं क्षेत्रीय इलाकों में कनेक्टिविटी को बेहतर करने और 1ए (<9 सीट) एवं श्रेणी 1 (<20 सीट) जैसे छोटे विमानों के जरिये अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिये लॉन्च किया गया है।
- मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिये उड़ान 5.2 की शुरुआत की गई है और इसके तहत वीजीएफ में वृद्धि और फेयर कैप को कम किया गया है। इसी के साथ हेली सेवा का सिंगल विंडो सेवा प्लेटफॉर्म भी आरंभ किया गया है।
- मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान हेली-सेवा मोबाइल एप्लीकेशन को भी लॉन्च किया।
- उल्लेखनीय है कि हेली सेवा पोर्टल डिजिटल इंडिया के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक पहल है। इसके तहत हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों और जिला अधिकारियों के बीच एक परविश तैयार करने के लिये एक साझा प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया है।
- यह मोबाइल एप्लीकेशन इसे उपयोगकर्ता अनुभव, सामग्री अपलोड करने और उपयोग करने के लिहाज से कहीं अधिक सुविधाजनक बना देगा।
- इस अवसर पर भारत में हेलीकॉप्टर और लघु विमान क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिये पवनहंस और जेट सर्व के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/heli-shikhar-summit-2023-and-udaan-5-2-inaugurated-at-khajuraho